लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1229

28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

समेकित ऊन विकास कार्यक्रम

1229. श्री रितेश पाण्डेयः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा समेकित ऊन विकास कार्यक्रम का प्रभाव आकलन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और उक्त योजना ने सीमांत समूहों जैसे एससी, एसटी, ओबीसी और निम्न आय समूह महिलाओं को किस तरह से प्रभावित किया है;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस योजना की प्रभाव आकलन रिपोर्ट को कब तक जारी करने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार का विचार इस रिपोर्ट में एससी, एसटी, ओबीसी और निम्न आय समूह महिलाओं को प्रदान किए गए लाभों को शामिल करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम (आईडब्ल्यूडीपी) के मार्च 2020 में पूरा होने से पहले कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र आकलन एजेंसी के माध्यम से फील्ड सर्वेक्षण किए जाने का प्रावधान है। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्गों तथा कम आय समूह की महिलाओं को प्रदान किए गए लाभों का फील्ड सर्वेक्षण में शामिल किया जाना स्वाभाविक ही है।

*****